पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## मुख्यमंत्री की प्रेसवार्ता

## वर्तमान सरकार ने 02 वर्ष 05 माह के कार्यकाल के दौरान प्रदेश के विकास के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं, जिनके परिणाम अब दिखने भी लगे हैं : मुख्यमंत्री

### राज्य सरकार प्रधानमंत्री की आकांक्षाओं के अनुरूप प्रदेश का चहुंमुखी विकास कर रही है

### उत्तर प्रदेश, केन्द्र सरकार द्वारा लागू की जा रही अनेक फ्लैगशिप योजनाओं में देश में प्रथम स्थान पर है

### लगभग ढाई साल के अंदर प्रदेश की कार्य संस्कृति बदल गई है और शासन–प्रशासन मिलकर सकारात्मक ऊर्जा के साथ विकास के लिए सम्मिलित प्रयास कर रहे हैं

### अपराध और भ्रष्टाचार के प्रति राज्य सरकार की जीरो टॉलरेन्स की नीति

### सम्पूर्ण मंत्रिमण्डल एकजुटता के साथ प्रदेश के विकास के लिए कार्य करेगा

### लोक सभा सामान्य निर्वाचन–2019 शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ, जो एक बड़ी उपलब्धि

### राज्य सरकार लोगों को विकास का लाभ दिलाने और जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए तकनीक का प्रयोग कर रही है

### गरीबों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है

**लखनऊ : 21 अगस्त, 2019**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि वर्तमान सरकार ने अपने 02 वर्ष 05 माह के कार्यकाल के दौरान प्रदेश के विकास के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं, जिनके परिणाम अब दिखने भी लगे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की आकांक्षाओं के अनुरूप प्रदेश का चहुंमुखी विकास कर रही है। आज उत्तर प्रदेश, केन्द्र सरकार द्वारा लागू की जा रही अनेक फ्लैगशिप योजनाओं जैसे 'प्रधानमंत्री आवास योजना', शौचालय निर्माण इत्यादि में देश में प्रथम स्थान पर है। लगभग ढाई साल के अंदर प्रदेश की कार्य

संस्कृति बदल गई है और शासन–प्रशासन मिलकर सकारात्मक ऊर्जा के साथ विकास के लिए सम्मिलित प्रयास कर रहे हैं। अपराध और भ्रष्टाचार के प्रति राज्य सरकार की जीरो टॉलरेन्स की नीति है।

मुख्यमंत्री जी ने यह विचार आज यहां लाल बहादुर शास्त्री भवन में मंत्रिपरिषद विस्तार के बाद मीडिया को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण मंत्रिमण्डल एकजुटता के साथ प्रदेश के विकास के लिए कार्य करेगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि लगभग ढाई साल की इस अवधि में प्रयागराज कुम्भ–2019, 15वां प्रवासी भारतीय दिवस, इन्वेस्टर्स समिट–2018 जैसे कई विशाल आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न कराए जा चुके हैं। कुम्भ के सफल आयोजन से इसकी ब्राण्डिंग में हमें महत्वपूर्ण सफलता मिली है। इससे देश–प्रदेश का सम्मान अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इसी माह पूरे प्रदेश में 22 करोड़ से अधिक पौधों का रोपण सम्पन्न हुआ है, जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा है। उन्होंने कहा कि इस माह में सम्पन्न रूस यात्रा के दौरान वहां के एक मंत्री ने भी इसका उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हाल ही में लोक सभा सामान्य निर्वाचन–2019 शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ, जो एक बड़ी उपलब्धि है। पूरे चुनाव के दौरान कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं घटित हुई।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2018 में आयोजित इन्वेस्टर्स समिट के दौरान राज्य सरकार को मिले एम0ओ0यू0 में से 40 प्रतिशत का क्रियान्वयन हो रहा है। इसके लिए 02 ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित की जा चुकी हैं। राज्य सरकार लोगों को विकास का लाभ दिलाने और जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए तकनीक का प्रयोग कर रही है। गरीब जनता को प्रभावी रूप से खाद्यान्न

वितरण के लिए ई–पॉस मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे पात्र व्यक्ति को उचित दर पर राशन मिल रहा है और अब इसमें किसी प्रकार की कोई अनियमितता नहीं हो पा रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित 'उज्ज्वला योजना' के तहत बड़ी संख्या में राज्य के गरीब परिवारों को लाभान्वित किया गया है। इससे महिलाओं की समस्याओं का भी समाधान हुआ है। इसी प्रकार 'आयुष्मान भारत' के तहत प्रदेश के 1.08 लाख परिवारों को आच्छादित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गरीबों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विगत 02 साल 05 माह के कार्यकाल के दौरान राज्य सरकार ने प्रदेश की विद्युत वितरण व्यवस्था चुस्त–दुरुस्त की है। प्रदेश के 1.67 लाख मजरों का विद्युतीकरण किया गया है। इसी प्रकार प्रदेश के 03 शहरों लखनऊ, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा में मेट्रो रेल की सुविधा उपलब्ध करायी जा चुकी है, जबकि अन्य नगरों जैसे कानपुर, आगरा इत्यादि में मेट्रो चलाने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में व्यापक स्तर पर अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। पूर्वान्चल एक्सप्रेस–वे पर तेजी से कार्य चल रहा है और यह अगस्त, 2020 तक चालू कर दिया जाएगा। गंगा एक्सप्रेस–वे पर भी तेजी से कार्य चल रहा है। इसी प्रकार बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस–वे इत्यादि पर भी तेजी से कार्य चल रहा है। जिला मुख्यालयों को 4 लेन सड़कों से जोड़ा जा रहा है। प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी भी बढ़ रही है। जेवर एयरपोर्ट के लिए भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अपने लगभग ढाई माह के कार्यकाल में गन्ना किसानों के लम्बित देयों का भुगतान सुनिश्चित किया है। अब तक 72 हजार करोड़ रुपए का गन्ना बकाया किसानों को दिया जा चुका है।

मुख्यमंत्री जी ने आज के मंत्रिमण्डल विस्तार पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ0 महेन्द्र सिंह, श्री सुरेश राणा, श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी, श्री अनिल राजभर को मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी है। जबकि श्री रामनरेश अग्निहोत्री व श्रीमती कमल रानी वरुण को भी मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी है। उन्होंने बताया कि राज्य मंत्री डॉ0 नीलकंठ तिवारी को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पद की शपथ दिलायी गयी है। इसके अलावा श्री कपिल देव अग्रवाल, श्री सतीश द्विवेदी, श्री अशोक कटारिया, श्री श्रीराम चौहान, श्री रवीन्द्र जायसवाल को भी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पद की शपथ दिलायी गयी है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि श्री अनिल शर्मा, श्री महेश गुप्ता, श्री आनन्द स्वरूप शुक्ल, श्री विजय कश्यप, डॉ0 गिरिराज सिंह धर्मेश, श्री लाखन सिंह राजपूत, श्रीमती नीलिमा कटियार, श्री चौधरी उदयभान सिंह, श्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, श्री रमाशंकर सिंह पटेल, श्री अजीत सिंह पाल को राज्य मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी है।

———————

***PN-CM-PC-21 August, 2019***